# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 799 / 618 / 222 दिनांक 11-05-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः—दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित '' छितौनी में *'शो–पीस' बना जल जीवन मिशनः साल भर से सूखी पड़ी पाइप लाइन, बूंद–बूंद को तरस रहे लोग'* के सम्बंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित ''छितौनी में *'शो–पीस' बना जल जीवन मिशनः साल भर से सूखी पड़ी पाइप लाइन, बूंद–बूंद को तरस रहे लोग'* के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बेलबनवा एवं बनौली पाइप पेयजल योजना का कार्य मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है। उक्त पेयजल योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली का कार्य 20803 मी0 के सापेक्ष 19786 मी0, गृह संयोजन 804 नग के सापेक्ष 198 नग, पम्प हाउस 90 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 40 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत एवं सड़क रेस्टोरेशन 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना की लागत 512.07 लाख है। उक्त पेयजल योजना का भौतिक प्रगति 75 प्रतिशत के सापेक्ष वित्तीय प्रगति 45 प्रतिशत है। उक्त पेयजल योजना का भुगतान लम्बित होने के कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित हुई है। यद्पि फर्म को जनहित में एक सप्ताह में डायरेक्ट नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 एवं दिनांक एथोपरिः—

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1— मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
3— श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।
4— श्री ज्योतिष चौधरी, जूनियर इंजीनियर।
5— मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0), सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner